>

Title: Need to improve the services of the medical college and hospital of Kashi Hindu University, Uttar Pradesh.

MR. CHAIRMAN : Now we take up Special Mentions.

श्री तूफ़ानी सरोज (मछलीशहर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के मेडिकल कॉलेज और उसके अस्पताल की मौजूदा स्थिति की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। इस अस्पताल का नाम कभी हिन्दुस्तान के शीर्ष अस्पतालों में हुआ करता था। यहां बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के गरीब एवं सामान्य जन अपनी बीमारी का इलाज कराने आते हैं। यहां तक कि नेपाल तक के मरीज अच्छी तादाद में यहां इलाज कराने आते हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इस अस्पताल की हालत काफी खराब हो गई है। इसके लिए वहां का प्रशासन और डाक्टर दोनों जिम्मेवार हैं।

सभापति महोदय, अस्पताल की हालत इतनी बुरी हो गई है कि बगैर पैरवी न तो डाक्टर ठीक से मरीज को देखता है और न ही मरीज को अस्पताल में भर्ती किया जाता है। दोनों कामों के लिए पैरवी का होना जरूरी होता है।

सभापति महोदय, इस अस्पताल में सारी जांच की सुविधाएं उपलब्ध हैं, परन्तु मरीजों से जांच निजी जांच केन्द्रों पर करवाई जाती है, जिसके कारण मरीजों को ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं। इस तरह इस अस्पताल की हालत दिनों-दिन खराब होती जा रही है। इससे केन्द्र सरकार की भी बदनामी हो रही है। यह मामला लोक सभा में पहले भी उठाया जा चुका है, परन्तु स्थिति में किसी तरह का सुधार नहीं हो सका है। सभापति महोदय, हमारी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि इस अस्पताल की स्थिति की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन करें और उसके सुझावों के मद्देनज़र आवश्यक कदम उठाएं।